PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01
# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ, शनिवार 01 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## अलीगढ़: प्रांतीय चिकित्सा संघ की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू, 14 अगस्त को होगा मतदान

**अलीगढ़। प्रांतीय चिकित्सा संघ (पीएमएस) शाखा अलीगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की गई। इस दौरान चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. एस.के. जैन को इलेक्शन ऑफिसर तथा डॉ. विपिन कुमार को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। दोनों अधिकारियों की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम तय कर लिया गया है और निर्धारित तिथियों के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार 5 और 6 अगस्त 2026 को इच्छुक प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके बाद 7 अगस्त को नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होगी। वहीं, 8 अगस्त को सभी नामांकन पत्रों और संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप संचालित हो सके।**



**प्रांतीय चिकित्सा संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 14 अगस्त 2026 को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना और परिणामों की घोषणा की जाएगी, जिसके साथ ही संगठन को नई नेतृत्व टीम मिल जाएगी। चुनाव को लेकर चिकित्सा समुदाय में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और विभिन्न पदों के लिए संभावित उम्मीदवारों के बीच चर्चा तेज हो गई है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि प्रांतीय चिकित्सा संघ चिकित्सकों की समस्याओं, उनके अधिकारों और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य करता रहा है। ऐसे में नई कार्यकारिणी के गठन को संगठन के भविष्य और उसकी कार्यशैली के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि नई कार्यकारिणी के गठन के बाद संगठन डॉक्टरों के हितों की रक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए नई योजनाओं और नीतियों पर काम करेगा। फिलहाल पूरे जिले के चिकित्सकों की निगाहें आगामी चुनाव पर टिकी हुई हैं। सभी को 14 अगस्त को होने वाले मतदान और उसके परिणामों का इंतजार है, क्योंकि इसी चुनाव के जरिए प्रांतीय चिकित्सा संघ, अलीगढ़ की नई नेतृत्व टीम का चयन किया जाएगा।**

## Aligarh News: रक्षाबंधन पर घर पहुंचना चुनौती, ट्रेनों में 200 तक पहुंची प्रतीक्षा सूच



अलीगढ़। रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ने लगी है। दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और बिहार रूट पर चलने वाली अधिकांश ट्रेनों की आरक्षित सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं। कई ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची 100 से 200 के पार पहुंच गई है, जिससे यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। त्योहार के मौके पर बड़ी संख्या में लोग अपने घर और रिश्तेदारों के यहां जाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में ट्रेन टिकटों की मांग अचानक बढ़ गई है। हालत यह है कि कई प्रमुख ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है और यात्री अब तत्काल कोटे के भरोसे हैं। कानपुर जाने वाले यात्री सुधीर शर्मा ने बताया कि उन्हें रक्षाबंधन पर अपनी बहन के घर जाना है, लेकिन कई दिनों से प्रयास करने के बावजूद किसी भी ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब उनकी उम्मीद सिर्फ तत्काल टिकट पर टिकी हुई है। वहीं बिहार जाने वाले यात्री बलराम ने बताया कि अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट काफी लंबी हो चुकी है। कई ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची 200 के पार पहुंच गई है, जिससे त्योहार पर घर पहुंचना मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द टिकट नहीं मिली तो उन्हें बस या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ सकता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार रक्षाबंधन, दीपावली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान हर साल यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होती है। इसी वजह से ट्रेनों में सीटों की मांग अचानक बढ़ जाती है और आरक्षण जल्दी भर जाता है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या में स्वाभाविक रूप से इजाफा होता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी यात्रा की योजना बनाएं और टिकट बुक कराएं। साथ ही यात्रा से पहले ट्रेन का स्टेटस और सीटों की उपलब्धता की जानकारी जरूर जांच लें। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कोच और विशेष ट्रेनों के संचालन पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने लगी है और लोग कंफर्म टिकट पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। रक्षाबंधन से पहले टिकटों की बढ़ती मांग ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। अब सभी की नजरें तत्काल टिकट और रेलवे की संभावित विशेष ट्रेनों पर टिकी हुई हैं।

## विरार में उपभोक्ता महासंघ के महाराष्ट्र प्रभारी अमन सिंह ने एडीएम शिप्रा विजय कुमार चौधरी से की मुलाकात

**मुंबई/विरार। उपभोक्ता महासंघ "जागो ग्राहक जागो" के संयुक्त समन्वयक एवं महाराष्ट्र प्रभारी अमन सिंह ने शुक्रवार को मुंबई के विरार में अपनी बहन एवं छपरा की अपर जिलाधिकारी (एडीएम) शिप्रा विजय कुमार चौधरी और जीजाजी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अमन सिंह ने उपभोक्ता अधिकारों, जनजागरूकता अभियानों तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक सरोकारों और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अमन सिंह लंबे समय से उपभोक्ता महासंघ "जागो ग्राहक जागो" के माध्यम से उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। महाराष्ट्र प्रभारी के रूप में वह राज्यभर में संगठन की विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। अमन सिंह ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि "जागो ग्राहक जागो" अभियान के तहत समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान भी चलाए जाते हैं। विरार में हुई इस मुलाकात के दौरान आपसी पारिवारिक संबंधों के साथ-साथ समाज और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और भविष्य में सामाजिक एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही समाज के हित में मिलकर कार्य करने पर भी जोर दिया गया।**



## Aligarh News: बिजली संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, तीन घंटे तक किया धरना-प्रदर्शन



बिजली संकट को लेकर किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। किसान मजदूर संगठन ने रामघाट रोड स्थित दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता कार्यालय पर महापंचायत कर प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली कटौती, जले ट्रांसफॉर्मर, जर्जर लाइनों और गलत बिजली बिलों को लेकर नाराजगी जताई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है, लेकिन कई फीडरों पर पांच से छह घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे धान समेत अन्य फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने भुड़ासी, बिनूपुर और बरौली फीडरों की क्षमता बढ़ाने, जले ट्रांसफॉर्मर 48 घंटे में बदलने और जर्जर तारों को दुरुस्त करने की मांग उठाई। महापंचायत में ताला नगरी के अवर अभियंता विवेक सारस्वत किसानों के बीच पहुंचे। किसानों ने जुलाई में कम बिजली आपूर्ति का सवाल उठाया। जवाब नहीं मिलने पर उन्हें अपने बीच बैठा लिया। बाद में अधीक्षण अभियंता ग्रामीण उमेश जैन और अधिशासी अभियंता राहुल बाबू कटियार मौके पर पहुंचे और करीब तीन घंटे तक किसानों से वार्ता की। किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष बंटी जादौन ने कहा कि शिकायतों के बावजूद विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता उमेश जैन ने किसानों को एक सप्ताह में शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने फिलहाल आंदोलन स्थगित कर दिया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी गवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष ऋषि प्रताप सिंह, अमित सारस्वत, श्रीपाल चौहान, विकास राजपूत, देवराज सिंह, ओमवीर चौधरी, नीरज राजपूत सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## Aligarh News: जन्म के पहले घंटे में मां के दूध से दूर हो रहे नवजात
## दस में से आठ बच्चे समय पर नहीं कर पाते स्तनपान

अलीगढ़। जागरूकता बढ़ने के बावजूद जिले में नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। महिला जिला अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, प्रसव के बाद दस में से आठ माताएं अपने बच्चे को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान नहीं करा पाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति नवजातों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। चिकित्सकों के मुताबिक, समस्या केवल कामकाजी महिलाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि गृहिणियों में भी यह प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। इसी को देखते हुए शनिवार से विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जिले में विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसके तहत महिलाओं और उनके परिजनों को स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**पहले घंटे का स्तनपान क्यों है जरूरी?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, जन्म के पहले घंटे में मां का दूध पिलाना नवजात के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और संक्रमण का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इसके अलावा, मां और बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध भी मजबूत होता है। चिकित्सकों का कहना है कि शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए शुरुआती छह महीने तक केवल मां का दूध ही सबसे अच्छा और संपूर्ण आहार माना जाता है।



यह बच्चे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है और कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करता है।

**क्या हैं स्तनपान में देरी की वजहें?**

महिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, प्रसव के समय तनाव, पारिवारिक परिस्थितियां और समाज में फैली कई परंपरागत धारणाएं स्तनपान में बाधा बनती हैं। कई परिवारों में पुराने रीति-रिवाजों के कारण नवजात को जन्म के तुरंत बाद मां का दूध नहीं पिलाया जाता, जिससे बच्चे को शुरुआती पोषण नहीं मिल पाता। इसके अलावा, कई बार मां की शारीरिक स्थिति, जानकारी की कमी और परिवार का सहयोग न मिल पाने के कारण भी नवजात समय पर स्तनपान से वंचित रह जाते हैं।

**विशेषज्ञों ने क्या कहा?**

बाल रोग विशेषज्ञ एवं आईपीए अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बंसल ने बताया कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करना बच्चे के स्वस्थ जीवन की मजबूत नींव रखता है। इससे नवजात की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और उसके संपूर्ण विकास में मदद मिलती है।

**वहीं, महिला जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. तैयब ने बताया कि अस्पताल में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। एमएनसीयू में मां और बच्चे को साथ रखने की व्यवस्था की गई है, ताकि नवजात को समय पर मां का दूध मिल सके।**

**उन्होंने बताया कि एलपीयू में मां के दूध को निकालकर सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा, प्रसव के बाद एक साल तक महिलाओं की काउंसिलिंग की जाती है। शनिवार से शुरू होने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान एक सप्ताह तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

**जागरूकता बढ़ाने पर जोर**

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि माताओं और उनके परिवारों को यह समझाने की जरूरत है कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान नवजात के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि परिवार और समाज मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, तो नवजातों के स्वास्थ्य में बड़ा सुधार लाया जा सकता है।

# Delhi Weather: मानसून ले रहा यू-टर्न, तीन दिन से बारिश का इंतजार; कब बरसेंगे बदरा ? यहां पढ़ें पूरी जानकारी



दिल्ली में 29 जुलाई के बाद झमाझम बारिश नहीं हुई है। इस कारण से उमस बढ़ी हुई है और लोग इससे परेशान है। आसमान में बादलों की आवाजाही है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। दिल्ली में मानसून की रफ्तार स्पीड नहीं पकड़ पा रही। मानसून लगातार यू टर्न ले रहा है। कभी बारिश, कभी उमस और कभी तेज धूप परेशान कर रही है। जुलाई में मौसम का ऐसा ही रूप देखने को मिला। दिल्ली में जुलाई के पूरे महीने में केवल 11 दिन ही बारिश हुई। हालांकि बीते साल के मुकाबले में इस जुलाई में ज्यादा बारिश 261.52 मिमी दर्ज की गई। जबकि बीते साल 14 दिन 259.11 मिमी बारिश हुई थी। अब मौसम विभाग ने एक बार फिर एक अगस्त से छह अगस्त तक हल्की बारिश की संभावना जताई है।दिल्ली में 29 जुलाई के बाद झमाझम बारिश नहीं हुई है। इस कारण से उमस बढ़ी हुई है और लोग इससे परेशान है। आसमान में बादलों की आवाजाही है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। तीन दिन से लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं जिससे कि उमस वाली गर्मी से राहत मिले। शुक्रवार को भी मौसम शुष्क बना रहा। दिन भर बादलों और धूप की लुकाछिपी चलती रही। हालांकि सुबह से तेज हवाएं चलने के कारण थोड़ी राहत महसूस हुई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग की मानें तो अगस्त के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान 32-35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 से 26 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। पूरे सप्ताह हल्की बारिश रहने से गर्मी का अहसास कुछ कम होगा। जहां शुरूआत के तीन दिन तापमान में कमी रहेगी, वहीं बाद में तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

# UP: मुरादाबाद में मोमबत्ती के गोदाम में भीषण आग,

## आसपास के घर कराए खाली; छह जिलों से पहुंचीं दमकल की गाड़ियां



मुरादाबाद के सागर सराय में मोमबत्ती के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग के बाद आसपास के घर खाली कराए गए हैं। छह जिलों से दमकल गाड़ियां पहुंचीं हैं।मुरादाबाद के सागर सराय की कुटिया वाली गली में शिव मंदिर के पास शनिवार तड़के मोमबत्ती के गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और गोदाम से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग की तपिश और धुआं आसपास के घरों तक पहुंचने लगा तो इलाके में अफरातफरी मच गई। लोगों में दहशत फैल गई और कई परिवार घरों से बाहर निकल आए।आग राजन अग्रवाल की मोमबत्ती की फैक्ट्रीऔर गोदाम में लगी । आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा गोदाम इसकी चपेट में आ गया। आसपास के मकानों में आग पहुंचने की आशंका को देखते हुए पुलिस और दमकल विभाग ने तत्काल बचाव कार्य शुरू कर दिया।आग की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के मकानों को खाली करा दिया। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया।घरों में रखे गैस सिलेंडरों को भी एहतियात के तौर पर बाहर निकलवाया गया, ताकि आग की लपटें वहां तक पहुंचने की स्थिति में कोई बड़ा हादसा न हो। कई लोग घरों से बाहर सड़क पर बैठे नजर आए। करीब तीन घंटे तक लोग आग बुझने का इंतजार करते रहे।आग पर काबू पाने के लिए मुरादाबाद के अलावा आसपास के जिलों से भी दमकल की गाड़ियां मंगाई गईं। रामपुर, संभल, अमरोहा, बिजनौर और बरेली से दमकल वाहन बुलाए गए। मुरादाबाद समेत अलग-अलग स्थानों से करीब 10 से 12 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटीं। दमकल कर्मियों ने चारों ओर से पानी की बौछार कर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया।

### इलाके में पुलिस बल तैनात किया

आग की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस और दमकल कर्मियों से जानकारी ली। आसपास के इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया, ताकि भीड़ को आग के नजदीक जाने से रोका जा सके और राहत एवं बचाव कार्य में कोई बाधा न आए।मोमबत्ती के गोदाम में लगी आग के कारण आसपास के लोग काफी देर तक दहशत में रहे। गोदाम में रखे ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैलती रही। आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। आसपास के मकानों में रहने वाले लोग अपने परिवार और जरूरी सामान के साथ घरों से बाहर निकल आए। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की हिदायत दी।

# Lucknow: अवध बस अड्डे से 16 जगहों के लिए

## एमएसटी सुविधा शुरू, 50 रुपये में होगा पंजीकरण; इस समय खुलेगा काउंटर




अवध बस अड्डे से 16 मार्गों के लिए मासिक सीजनल टिकट सुविधा शुरू हो गई है। यात्रियों को एक माह के पास पर 18 दिनों का किराया देना होगा और 12 दिन तक निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। पंजीकरण के लिए निर्धारित शुल्क और आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।अवध बस अड्डे पर पहली अगस्त से 16 जगहों के लिए मासिक सीजनल टिकट (एमएसटी) सुविधा शुरू हो जाएगी। इससे दैनिक यात्रियों को काफी राहत होगी। अभी तक रोडवेज बसों के लिए एमएसटी कैसरबाग बस अड्डे से बनता था। अवध बस स्टेशन से बाराबंकी, अयोध्या रोड और बहराइच रोड के लिए एमएसटी बनेगा। पहली बार एमएसटी बनवाने पर 50 रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा। काउंटर सुबह आठ से दोपहर तीन बजे तक खुलेंगे, जहां जरूरी दस्तावेज देकर एक महीने के लिए एमएसटी स्मार्ट कार्ड में बनवाया जा सकता है। छात्रों को स्कूल फीस का प्रमाण, हाईस्कूल का अंकपत्र, आधार कार्ड, फोटो व मोबाइल नंबर भी देना होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि 30 दिन यानी एक माह के लिए एमएसटी बनवाने पर 18 दिनों का ही किराया चुकाना होगा। एमएसटी के जरिये प्रतिमाह 12 दिन तक फ्री यात्रा का लाभ उठा सकते हैं।

# नाम पूछा फिर बरसाईं गोलियां:

## दूसरे घायल प्रवासी मजदूर ने भी तोड़ा दम, कुलगाम हमले में दो मजदूरों की मौत

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों द्वारा गोली मारे गए छत्तीसगढ़ के दूसरे प्रवासी मजदूर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। आतंकी संगठन टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आतंकियों ने दोनों मजदूरों को गोली मारने से पहले उनके नाम पूछे थे।दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों के हमले में घायल दूसरे प्रवासी मजदूर ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हमले में अब दोनों मजदूरों की मौत हो चुकी है। दोनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे और कुलगाम के केलम इलाके में एक ईंट भट्ठे पर काम करते थे।शुक्रवार देर शाम आतंकियों ने दोनों मजदूरों को निशाना बनाया। हमले में 24 वर्षीय दीपक रात्रे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि 28 वर्षीय भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले जीएमसी अनंतनाग ले जाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर एसकेआईएमएस श्रीनगर रेफर किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसके सीने में गोली लगी थी और इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।घटना की जिम्मेदारी लश्कर-ए-ताइबा (एलईटी) के शैडो संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। सूत्रों के अनुसार मजदूरों को गोली मारने से पहले उनके नाम भी पूछे गए। घाटी में महज 10 दिनों के भीतर टारगेट किलिंग की यह दूसरी बड़ी घटना है। स्थानीय पुलिस के अनुसार दीपक के पिता उमाशंकर रात्रे व भूपेंद्र के दशरथ हैं। दोनों के घर सूचना दे दी गई है। परिजन कश्मीर के लिए रवाना हो गए हैं।




### घाटी में फिर खौफ पैदा करने की साजिश

टारगेट किलिंग से आतंकी फिर जम्मू-कश्मीर में खौफ पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। इससे पहले भी आतंकी मुख्य रूप से प्रवासी मजदूरों, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों और निहत्थे नागरिकों को निशाना बना चुके हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार इस तरह के हमलों का मुख्य उद्देश्य घाटी में काम कर रहे बाहरी लोगों में दहशत का माहौल पैदा करना और क्षेत्र की शांति व विकास को बाधित करना है।

### तो निशाने पर थी अमरनाथ यात्रा

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आतंकियों के निशाने पर अमरनाथ यात्रा थी। लेकिन सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के कारण वह अपनी इस साजिश में सफल नहीं हो सके। इससे पहले भी दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में तैनात पुलिस हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह मामला भी टारगेट किलिंग का ही था। तब चार हजार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था।

### हमले में पाकिस्तानी आतंकी के शामिल होने के संकेत

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार हमले में असॉल्ट राइफल का प्रयोग हुआ है। इसमें पाकिस्तानी आतंकियों के शामिल होने की आशंका है। पाकिस्तान लगातार पीओके से ध्यान भटकाने के लिए आतंकियों की जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ का प्रयास करता रहा है। इसी सप्ताह सुरक्षा बलों ने घुसपैठ के दो बड़े प्रयास असफल किए हैं। शुक्रवार को ही एक पाकिस्तान ड्रोन को मार गिराया।

### हमले में पाकिस्तानी आतंकी के शामिल होने के संकेत

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार हमले में असॉल्ट राइफल का प्रयोग हुआ है। इसमें पाकिस्तानी आतंकियों के शामिल होने की आशंका है। पाकिस्तान लगातार पीओके से ध्यान भटकाने के लिए आतंकियों की जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ का प्रयास करता रहा है। इसी सप्ताह सुरक्षा बलों ने घुसपैठ के दो बड़े प्रयास असफल किए हैं। शुक्रवार को ही एक पाकिस्तान ड्रोन को मार गिराया।

# UP: मुंबई से लौटने के हफ्तेभर बाद उजड़ गया पूरा परिवार,

## बीवी और दो बच्चों का कत्ल कर खुद भी दी जान; पूरी कहानी




बलरामपुर के झौहना गांव के गोसाई पुरवा में हुए गोली कांड ने पूरे जिले को झकझोर दिया। घर के भीतर एक ही परिवार के चार सदस्य खून से लथपथ पड़े मिले। मृतकों में युवक, उसकी पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं।उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक युवक ने पत्नी और दो मासूमों की गोली मारकर हत्या कर ली। इसके बाद खुद भी गोली मारकर जान दे दी। पुलिस जांच में जुटी है। बलरामपुर के कोतवाली देहात इलाके के झौहना गांव के गोसाई पुरवा में शुक्रवार शाम हुई दर्दनाक वारदात ने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। महज एक सप्ताह पहले मुंबई से गांव लौटे 28 वर्षीय बजरंग गिरी का हंसता-खेलता परिवार कुछ ही पलों में खत्म हो गया।अब न पत्नी कोमल (25) की आवाज सुनाई देगी, न तीन वर्षीय बेटी श्रद्धा की चहलकदमी और न ही 10 माह के मासूम जयदीप की किलकारियां। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है।



ग्रामीणों के अनुसार बजरंग गिरी तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके दोनों बड़े भाई पिछले करीब 15 वर्षों से मुंबई में ट्रांसपोर्ट का कारोबार करते हैं और वहीं परिवार के साथ रहते हैं। करीब एक माह पहले बजरंग भी भाइयों से मिलने मुंबई गए थे और सप्ताहभर पहले ही गांव लौटे थे। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि घर लौटने के कुछ दिन बाद ही ऐसा हादसा हो जाएगा।छोटे भाई राम कुमार ने बताया कि कोमल गृहिणी थीं। तीन वर्षीय श्रद्धा पूरे दिन घर के बाहर खेलती रहती थी, जबकि 10 माह के जयदीप को गोद में खिलाने के लिए पड़ोस की महिलाएं भी अक्सर पहुंच जाती थीं। बच्चों की किलकारियों से गूंजने वाला घर अब सन्नाटे में डूब गया है। घटना के बाद घर के बाहर रिश्तेदारों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। हर आंख नम थी और हर जुबान पर यही सवाल था कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिससे पूरा परिवार खत्म हो गया।ग्रामीणों को करीब एक माह पहले की वह घटना भी याद आ रही है, जब घर के बरामदे में खड़ी स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई थी। वाहन पूरी तरह जल गया था, लेकिन आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। चार मौतों के बाद गांव में उस घटना की भी चर्चा है।

हालांकि पुलिस फिलहाल दोनों घटनाओं को जोड़कर नहीं देख रही है।पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि बजरंग के मुंबई प्रवास, मोबाइल फोन, पारिवारिक संबंधों, आर्थिक गतिविधियों और अन्य सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। गांव के बुजुर्ग राजकरन ने कहा कि एक साथ पूरे परिवार को इस तरह उजड़ते पहली बार देखा है।



### देर रात पहुंचे डीआईजी, पूरी रात गांव में डटे रहे एसपी

चार लोगों की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार देर रात तक घटनास्थल पर मौजूद रहकर जांच की निगरानी करते रहे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए, जबकि अधिकारियों को हर पहलू की गहन जांच के निर्देश दिए गए। देर रात देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अशोक कुमार शुक्ल भी गांव पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की प्रगति की जानकारी ली।



### यह है पूरा मामला

### पत्नी और दो मासूमों को गोलियों से भूना, फिर खुद को उड़ा लिया

बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के झौहना गांव के गोसाई पुरवा में शुक्रवार शाम करीब 6:50 बजे हुई गोली कांड की वारदात ने पूरे जिले को झकझोर दिया। घर के भीतर एक ही परिवार के चार सदस्य खून से लथपथ पड़े मिले। मृतकों में 28 वर्षीय बजरंग गिरी, उनकी 25 वर्षीय पत्नी कोमल, तीन वर्षीय पुत्र और महज 10 माह का मासूम शामिल हैं।

# फिर आतंकी हमला: टारगेट किलिंग से लाल होती रही है घाटी, जानें कब-कब आतंकियों के निशाना बने कर्मचारी और मजदूर




**एक जनवरी, 2023 डांगरी में सात लोगों की जान गई**

- राजोरी जिले के डांगरी गांव में आतंकियों ने हिंदू परिवारों के घरों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। अगले दिन उसी इलाके में आईईडी विस्फोट हुआ। दोनों घटनाओं में कुल सात लोगों की मौत हो गई। इसके बाद जम्मू संभाग में बड़े स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। आतंकवाद विरोधी अभियान तेज किए गए।

**दो जून, 2022: एक ही दिन बैंक मैनेजर और मजदूर बने निशाना**

राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक विजय कुमार की कुलगाम में बैंक के भीतर घुसकर आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उसी दिन बडगाम में बिहार के दरभंगा निवासी मजदूर दिलखुश कुमार की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन दोनों घटनाओं के बाद बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर घाटी छोड़कर अपने घर लौटने लगे थे।

**31 मई, 2022 स्कूल के बाहर शिक्षिका को मारी गोली**

सांबा जिले की रहने वाली शिक्षिका रजनी बाला की कुलगाम के गोपालपोरा स्थित सरकारी स्कूल के बाहर आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद शिक्षकों और अल्पसंख्यक कर्मचारियों की सुरक्षा तथा तबादले का मुद्दा जोर-शोर से उठा।

**12 मई, 2022 तहसील कार्यालय में घुसकर कश्मीरी पंडित की हत्या**

बडगाम के चदूरा तहसील कार्यालय में कार्यरत कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की कार्यालय परिसर के भीतर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

कुलगाम के केलम में आतंकियों ने एक बार फिर टारगेट किलिंग की घटना को अंजाम दिया है। आतंकियों ने दो मजदूरों को नाम पूछकर गोली मारी। दोनों मजदूरों की मौत हो गई है। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली है। आइए जानते हैं, कश्मीर में बीते पांच साल में कितनी बार बाहरी लोग आतंकियों का निशाना बने हैं? दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में प्रवासी मजदूर की हत्या कोई अकेली घटना नहीं है। घाटी में आम नागरिकों को चुनकर निशाना बनाने की आतंकियों की रणनीति पिछले कई वर्षों से समय-समय पर सामने आती रही है। शिक्षक, कश्मीरी पंडित, बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी और फिर प्रवासी मजदूर आतंकियों के निशाने पर रहे हैं। हालिया घटना ने एक बार फिर इस खतरे को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हर बड़ी वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के दावे हुए, लेकिन टारगेट किलिंग की घटनाएं पूरी तरह नहीं थम सकीं। 2022 में ऐसी घटनाएं सबसे ज्यादा देखने को मिलीं, जब सरकारी कर्मचारी, शिक्षक और प्रवासी मजदूर लगातार आतंकियों के निशाने पर आए।

**20 अक्तूबर: 2024 सुरंग परियोजना के शिविर पर हमला, सात की मौत**

गांदरबल जिले के गगनगीर में निर्माणाधीन जेड मोड़ सुरंग परियोजना के शिविर पर आतंकियों ने हमला कर सात लोगों की हत्या कर दी। मृतकों में स्थानीय डॉक्टर शाहनवाज अहमद डार के अलावा परियोजना से जुड़े छह कर्मचारी व श्रमिक शामिल थे, जो जम्मू-कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों के रहने वाले थे। यह हमला विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के कुछ ही दिन बाद हुआ था। घटना के बाद परियोजना स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई गई और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में सुरक्षा बलों ने इस हमले में शामिल लश्कर-ए-ताइबा के स्थानीय आतंकी जुनैद अहमद भट को मुठभेड़ में मार गिराया।

चार अप्रैल, 2024 बिहार निवासी मजदूर की हत्या

अनंतनाग जिले में बिहार के मजदूर राजू शाह को आतंकियों ने गोली मार दी। वह निजी कंपनी में काम करता था। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया और प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

# Jantar Mantar Protest: एफआईआर में दावा- हिंसा में सीजेपी के साथ आप नेताओं का भी हाथ, सुनियोजित साजिश बताया




- प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। हमले में कई अधिकारी व पुलिसकर्मी घायल हुए। हवलदार मुकुंद पर हमला कर उनका हथियार छीन लिया। अन्य पुलिसकर्मियों के हथियार छीनने की भी कोशिश की गई।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के समर्थन में पोस्ट करने वाले कई बड़े इंफ्लुएंसर और यूट्यूबर पर शिकंजा कसने की तैयारी है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और कंटेंट प्रमोशन से जुड़ी तीन बड़ी कंपनियों के दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं। कई पूर्व पत्रकारों पर भी प्रदर्शन के पक्ष में अभियान चलाने का आरोप है।

- जांच एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब पर अच्छे खासे फॉलोअर्स वाले कई इंफ्ल्यूएंसर्स को प्रति पोस्ट 40 से 80 हजार रुपये तक का भुगतान किया गया। भुगतान तीनों बड़ी कंपनियों के जरिये ही किया गया। एजेंसियां प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया पर चलाए गए डिजिटल कैंपेन, वित्तीय लेनदेन और पक्षों के बीच संभावित समन्वय की भी पड़ताल कर रही हैं। एजेंसियां डिजिटल रिकॉर्ड, भुगतान के माध्यमों का मिलान कर रही हैं। एफआईआर में दावा है कि सीजेपी प्रमुख के संसद मार्च के आह्वान पर 20 जुलाई की रात 10-11 हजार लोग जंतर-मंतर पहुंचे थे। भीड़ में मौजूद असामाजिक तत्व प्रदर्शनकारियों को लगातार उकसाते रहे। लोगों से पत्थरों व डंडों से सुरक्षाकर्मियों के सिर पर हमला करने के लिए कहा।

- प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। हमले में कई अधिकारी व पुलिसकर्मी घायल हुए। हवलदार मुकुंद पर हमला कर उनका हथियार छीन लिया। अन्य पुलिसकर्मियों के हथियार छीनने की भी कोशिश की गई।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के समर्थन में पोस्ट करने वाले कई बड़े इंफ्लुएंसर और यूट्यूबर पर शिकंजा कसने की तैयारी है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और कंटेंट प्रमोशन से जुड़ी तीन बड़ी कंपनियों के दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं। कई पूर्व पत्रकारों पर भी प्रदर्शन के पक्ष में अभियान चलाने का आरोप है।

हिंसा मामले में 21 जुलाई को दर्ज पहली एफआईआर में आरोप है कि आम आदमी पार्टी की अगुवाई में हिंसा भड़काई गई, जिसके लिए सीजेपी के प्रमुख नेताओं ने असामाजिक तत्वों का इस्तेमाल किया। सीसीटीवी फुटेज से इनकी पहचान की जा सकती है। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान हिंसा मामले में 21 जुलाई को दर्ज पहली एफआईआर में बड़ी साजिश का दावा किया गया है। इसमें आरोप है कि आम आदमी पार्टी की अगुवाई में हिंसा भड़काई गई, जिसके लिए सीजेपी के प्रमुख नेताओं ने असामाजिक तत्वों का इस्तेमाल किया। सीसीटीवी फुटेज से इनकी पहचान की जा सकती है। दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के आदेश पर जांच स्पेशल सेल को सौंप दी गई है। 20 जुलाई की हिंसा से जुड़े 20 मामलों में यह एफआईआर 21 जुलाई को संसद मार्ग थाने में दर्ज की गई। थानाध्यक्ष इंद्रजीत की शिकायत पर दर्ज इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से जुड़े कानून की 15 गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इनमें दंगा, आपराधिक साजिश, हत्या का प्रयास, पुलिसकर्मियों पर हमला, हथियार छीनने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

**आरोप, हिंसा की थी सुनियोजित साजिश**

एफआईआर में सुनियोजित साजिश का आरोप लगाते हुए कहा गया है, 20 जुलाई की रात करीब 10:11 बजे आप नेताओं ने लोगों को संबोधित किया, जिससे भीड़ आक्रामक हो गई। एफआईआर में दावा है कि सीजेपी प्रमुख के संसद मार्च के आह्वान पर 20 जुलाई की रात 10-11 हजार लोग जंतर-मंतर पहुंचे थे। भीड़ में मौजूद असामाजिक तत्व प्रदर्शनकारियों को लगातार उकसाते रहे।

# Bhojshala Row: भोजशाला परिसर के पास आज अदा की जाएगी नमाज; मुस्लिम पक्ष की शिकायत पर सुप्रीम कोर्ट ने तय की जगह

भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भोजशाला परिसर से सटी दरगाह की जमीन पर हर शुक्रवार दो घंटे जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति देने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का फैसला किया है।

मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को शुक्रवार की नमाज के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखना भी राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

**भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने क्या निर्देश दिया?**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले दिए गए अंतरिम आदेश को स्पष्ट करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों के लिए नमाज अदा करने का स्थान तय कर दिया। अब शुक्रवार को जुमे की नमाज भोजशाला परिसर से सटी दरगाह की जमीन पर अदा की जाएगी। यहां हर शुक्रवार दोपहर के समय दो घंटे तक नमाज पढ़ी जा सकेगी।




**मुस्लिम पक्ष की शिकायत पर कोर्ट ने क्या कहा?**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह निर्देश मुस्लिम पक्ष की उस शिकायत पर दिया, जिसमें कहा गया था कि प्रशासन भोजशाला के निकट स्थित वैकल्पिक स्थलों पर नमाज की अनुमति नहीं दे रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि राज्य किसी भी पक्ष के अधिकारों की प्रतिस्पर्धा में नहीं पड़ना चाहता और उसकी प्राथमिकता केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। इस पर न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि धार्मिक अधिकारों की रक्षा करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना, दोनों राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी हैं।

**प्रशासन ने क्या तैयारियां की हैं?**

जिला प्रशासन ने तय स्थान पर सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। शुक्रवार को एएसपी, सीएसपी, डीएसपी और एसडीओपी स्तर के अधिकारियों सहित करीब 350 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। नगर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मोबाइल बाइक टीमें लगातार गश्त करेंगी।

# शहजाद पूनावाला ने भाजपा से दिया इस्तीफा?: एक्स पर बायो बदला, पार्टी छोड़ने के पीछे क्या है वजह

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कथित तौर पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बायो अपडेट किया है। इससे अटकलें तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे शहजाद पूनावाला ने कथित तौर पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पूनावाला ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपा है। अपने फैसले के पीछे उन्होंने निजी कारण बताए हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।



**एक्स प्रोफाइल में क्या बदलाव किया?** पूनावाला ने अपने एक्स प्रोफाइल के बायो में अब भाजपा का जिक्र नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'जीवनभर का समर्थक' बताया है। पूनावाला ने गुरवार को अपना बायो अपडेट किया, लेकिन उन्होंने इस्तीफे के पीछे कोई वजह नहीं बताई।

**भाजपा में कैसे हुई थी एंट्री?**

पूनावाला 2017 में कांग्रेस छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कांग्रेस की अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवाद के बाद पार्टी छोड़ी थी। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया।

**भाजपा और पीएम मोदी के समर्थक रहे हैं पूनावाला**

पूनावाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के मुखर समर्थक रहे हैं। वह टीवी बहसों और अन्य मंचों पर अपने तीखे बयानों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये लगातार कांग्रेस पर हमला बोला और राहुल गांधी समेत पार्टी के कई नेताओं की आलोचना की।

# मेटा इंडिया पर बड़ी कार्रवाई: प्रमुख अरुण श्रीनिवास के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पीएम मोदी से जुड़ा है मामला




मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है। जांच में यह जानने की कोशिश की जा रही है कि इन फर्जी वीडियो को सबसे पहले कहां से और किसने अपलोड किया, इन्हें किन खातों के जरिए आगे बढ़ाया गया और किस इरादे से फैलाया गया। इसके अलावा, पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि इन हरकतों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी अधिनियम के किन-किन प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है।

**क्या टेक कंपनियों के सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं?**

यह एफआईआर ऐसे समय में आई है, जब कुछ ही दिन पहले हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मेटा के प्रतिनिधियों को समन जारी किया था। पुलिस ने कंपनी से यह पूछा था कि उनके पास एआई से बने फर्जी विज्ञापनों, घोटालों और भ्रामक कंटेंट को पकड़ने और हटाने का क्या सिस्टम है। समन मिलने के बाद मेटा का एक प्रतिनिधि जांच अधिकारियों के सामने पेश भी हुआ था और उन्होंने अपनी कंपनी की कंटेंट मॉडरेशन नीतियों और नियमों के अनुपालन की जानकारी दी थी। हालांकि, इसके बावजूद एफआईआर दर्ज होना यह दिखाता है कि पुलिस टेक कंपनियों द्वारा किए जा रहे दावों और उनके प्लेटफॉर्म पर असल में मौजूद कंटेंट के अंतर को बेहद गंभीरता से ले रही है।

एआई-जनरेटेड फर्जी वीडियो के प्रसार पर हैदराबाद पुलिस ने मेटा इंडिया प्रमुख अरुण श्रीनिवास पर एफआईआर दर्ज की है। यह मामला डिजिटल सुरक्षा, फर्जी खबरों और टेक प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही पर बड़े सवाल खड़े करता है। क्या है पूरा मामला?

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फर्जी और एआई-जनरेटेड वीडियो वायरल होने के मामले में हैदराबाद पुलिस ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। हैदराबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास और कई सोशल मीडिया यूजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह पूरी कार्रवाई दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए एक छात्र आंदोलन के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से फैलाए गए एआई-मॉर्फ्ड यानी तकनीक के जरिए बदले गए वीडियो के संदर्भ में की गई है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी खबरें और भ्रामक सामग्री फैलाना अब महंगा पड़ सकता है।

**कैसे शुरू हुआ विवाद और क्या है पुलिस की थ्योरी?**

जांच अधिकारियों के मुताबिक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रमुख प्लेटफॉर्म्स पर पीएम मोदी से जुड़े फर्जी वीडियो इस तरह तैयार और शेयर किए जा रहे थे, जिससे आम जनता के गुमराह होने का गंभीर खतरा पैदा हो गया था। पुलिस इस समय पूरे

**जंतर-मंतर पर टिप्पणी से जुड़ी दूसरी बड़ी कानूनी कार्रवाई**

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान एक और अलग मामला सामने आया है, जो जंतर-मंतर पर हुए उसी विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। नोएडा की रहने वाली रुचिका सिंह नाम की महिला के खिलाफ पीएम मोदी पर बेहद आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला गाजियाबाद की रहने वाली स्मृति सिंह की शिकायत पर गौतमबुद्ध नगर के एक्सप्रेसवे पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि महिला ने सार्वजनिक रूप से देश के संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई और ऐसे शब्द कहे जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने और नफरत फैलने का अंदेशा था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मानहानि और शांति भंग करने की कोशिश का मामला दर्ज कर लिया है।

फिलहाल हैदराबाद पुलिस और यूपी पुलिस दोनों ही मामलों में डिजिटल सबूत जुटा रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच अभी शुरुआती चरण में है और जैसे-जैसे डिजिटल साक्ष्य सामने आएंगे, आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक्सप्लेनर: पीवीसी आयात पर सरकारी पहरा, क्या फिर बिगड़ने वाला है आपके घर का बजट?




केंद्र सरकार ने सस्ते विदेशी पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) कच्चे माल के आयात पर सख्ती बढ़ा दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 0.76 डॉलर (करीब 64 रुपये) प्रति किलोग्राम या उससे कम कीमत वाले एस-पीवीसी रेजिन के आयात के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। पीवीसी का इस्तेमाल पानी की पाइप, बिजली के तारों की कोटिंग, खिड़कियों के फ्रेम, पैकेजिंग सामग्री और जूतों-चप्पलों समेत कई उत्पादों में किया जाता है। ऐसे में कच्चे माल की कीमत बढ़ने का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत अपनी जरूरत का करीब 64 फीसदी पीवीसी विदेशों से आयात करता है। नए नियमों के बाद घरेलू बाजार में पीवीसी के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे घर बनाना, खेतों में सिंचाई के लिए पाइपलाइन लगाना और रोजमर्रा की कई चीजें महंगी हो सकती हैं। इस फैसले का असर छोटे और मझोले उद्योगों पर भी पड़ने की आशंका है। उत्पादन लागत बढ़ने से कंपनियां कीमतें बढ़ा सकती हैं, जिसका बोझ आखिरकार आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ सकता है।

# LPG Cylinder Price Cut: कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम ₹200 से अधिक घटे, दिल्ली-कोलकाता में नई कीमतें क्या




## क्या घरेलू रसोई गैस के दाम भी घटेंगे?

सूत्रों के मुताबिक घरेलू LPG सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बार घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उपभोक्ताओं को पहले की ही दरों पर सिलेंडर मिलेगा। दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलिंडर 942 रुपये, कोलकाता में 968 रुपये, मुंबई में 941.50 रुपये और चेन्नई में 957.50 रुपये में मिल रहा है। इससे पहले 1 जुलाई को भी तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती की थी। इस कमी के बाद राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 2,930 रुपये हो गई थी। वहीं, कोलकाता में दाम 3,255.50 रुपये से घटकर 3,081.50 रुपये पर आ गए थे। पटना में भी 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत घटकर 3,227 रुपये हो गई थी। यह वर्ष 2026 में कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में दर्ज की गई पहली बड़ी कटौती थी।




**LPG Cylinder Price Cut:** आज कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में ₹200 से अधिक की कटौती की गई है। दिल्ली-कोलकाता में नई कीमतों का एलान किया गया है। अन्य शहरों में भी दाम घटने की उम्मीदें हैं।वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर के दाम में आज 200 रुपये से अधिक की कटौती की गई। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि आज कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल LPG सिलिंडर की कीमत में 209 रुपये और दिल्ली में 202 रुपये की कटौती की गई है। इस बदलाव के बाद, आज से कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलिंडर की कीमत 2,872.50 रुपये होगी। कमर्शियल सिलिंडर का रेट घटने से रेस्टोरेंट, होटल और चाय की दुकान वालों को सीधा फायदा होगा। 14.2 किलो वाले घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर अब दिल्ली में अब ₹2,728 रुपये में मिलेगा। पहले इसका रेट ₹2,930 था।




# Gold Silver Price: खुदरा खरीद से चमका सोना, भाव 1000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

दिल्ली में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। खुदरा खरीद और मजबूत वैश्विक रुझानों ने इसमें वृद्धि की। चांदी में गिरावट दर्ज की गई। भारत में सोने की मांग 6 फीसदी घटी। देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा खरीदारों की नई खरीद से यह वृद्धि हुई है। मजबूत वैश्विक रुझानों ने भी सोने की कीमतों को सहारा दिया। पिछले सत्र में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला यह पीला धातु 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। चांदी बुधवार के 2,25,300 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 600 रुपये गिरकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। कारोबारियों ने बताया कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉक रखने वालों की बढ़ी हुई मांग से घरेलू सोने की कीमतें बढ़ीं।






एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बाद सोने में वृद्धि हुई। फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति घोषणा के बाद डॉलर में कमी आई थी। पिछले सत्र में लगभग 1 फीसदी की गिरावट के बाद डॉलर सूचकांक 101 के स्तर के आसपास बना रहा। हालांकि, रुपये की मजबूती ने घरेलू बाजार में सोने की आगे की वृद्धि को सीमित कर दिया।

## सोने की कीमतों में उछाल के क्या कारण हैं

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बाद गुरुवार को सोने में वृद्धि हुई। फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति घोषणा के बाद डॉलर में कमी आई थी। इससे कीमती धातु की मांग बढ़ गई। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सत्र में लगभग 1 फीसदी की गिरावट के बाद डॉलर सूचकांक 101 के स्तर के आसपास बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 4,071.55 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 1 फीसदी बढ़कर 58.25 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।कोटक नियो (पहले कोटक सिक्योरिटीज) में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा कि हाजिर सोना 4,060 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के करीब स्थिर है। चांदी 57.5 अमेरिकी डॉलर के करीब बनी हुई है। बाजार के भागीदार फेडरल रिजर्व की यथास्थिति को देख रहे हैं। अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दावों के आंकड़े बाद में आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कीमती धातुएं निकट अवधि में अस्थिर और सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

# देश की सबसे प्रभावशाली महिलाएं कौन हैं, किन क्षेत्रों में बनाया दबदबा और क्या कहते हैं आंकड़े




## किन क्षेत्रों की महिलाओं को जगह मिली

इस बार सूची सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित नहीं रही। इसमें बिजनेस, स्टार्टअप, खेल, पत्रकारिता, साहित्य, फैशन, सोशल मीडिया, सामाजिक बदलाव और नई अर्थव्यवस्था (एआई, ईवी, डीप टेक, क्लाइमेट टेक, क्लीन एनर्जी, हेल्थ टेक) जैसे क्षेत्रों की महिलाओं को शामिल किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता सबसे बड़ी कैटेगरी बनकर उभरी। इसमें 20 महिलाएं शामिल हैं, जिनमें 60% पैरा-एथलीट हैं। 83 वर्षीय मीना बिंद्रा भारतीय एथनिक परिधान ब्रांड बीबा (BIBA) की संस्थापक हैं। उन्होंने वर्ष 1988 में घर से छोटे स्तर पर कपड़ों का कारोबार शुरू किया था, जो आज देश के सबसे बड़े एथनिक फैशन ब्रांड्स में शामिल है। कैंडेरे हुरुन इंडिया विमेन लीडर्स लिस्ट 2026 में उन्हें भारतीय फैशन एवं लाइफस्टाइल श्रेणी में पहला स्थान मिला।उनकी कंपनी का वार्षिक राजस्व 758 करोड़ रुपये है, जो इस श्रेणी में सबसे अधिक है। 46 वर्षीय तुषारा शंकर दवा कंपनी ल्यूपिन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और सामाजिक प्रभाव से जुड़ी पहलों का नेतृत्व करती हैं।स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें सामाजिक बदलाव की अगुआ श्रेणी में पहला स्थान दिया गया।

भारत में महिलाएं अब सिर्फ परिवार की विरासत संभालने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपने दम पर कारोबार, स्टार्टअप, खेल, पत्रकारिता, साहित्य, फैशन और सामाजिक बदलाव जैसे क्षेत्रों में नई पहचान बना रही हैं। 2026 की कैंडेरे हुरुन इंडिया वुमन लीडर्स सूची के दूसरे संस्करण में पिछले साल की तुलना में अधिक महिलाओं को जगह मिली है। रिपोर्ट बताती है कि भारत की सबसे प्रभावशाली महिलाओं की पहचान अब केवल दौलत से नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व, नवाचार, सामाजिक प्रभाव और उपलब्धियों से तय हो रही है। आइए जानते हैं कि इस साल क्या बदला? किन क्षेत्रों में महिलाओं को जगह मिली? इस सूची की टॉप पांच महिलाओं कौन-कौन हैं? इस सूची में कौन-कौन शामिल है? कौन सा शहर सबसे आगे है? सोशल मीडिया पर किसका दबदबा है? भारत की अर्थव्यवस्था में इनका प्रभाव कितना बड़ा है?

## पिछले साल से क्या बदला?

2025 में इस सूची में 97 महिलाएं थीं, जबकि 2026 में यह संख्या बढ़कर 117 हो गई है। इस बार सूची को 9 से बढ़ाकर 12 कैटेगरी में बांटा गया है। सबसे अहम बात यह है कि सूची में शामिल 117 में से 98 महिलाएं (करीब 84%) सेल्फ-मेड हैं, यानी उन्होंने अपनी सफलता विरासत में नहीं पाई, बल्कि अपने दम पर बनाई है। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद के अनुसार, अब भारत में नेतृत्व विरासत से ज्यादा मेहनत और उपलब्धियों के आधार पर तय हो रहा है।

# माइक्रोसॉफ्ट की सुनामी: एक दिन में ₹39 लाख करोड़ जोड़े, एनवीडिया को पछाड़ इस मामले में बनी नंबर-1 कंपनी




## एआई पर भारी निवेश आखिर रंग लाया

पिछले एक साल से निवेशकों के बीच यह चिंता थी कि माइक्रोसॉफ्ट समेत बड़ी टेक कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जरूरत से ज्यादा खर्च कर रही हैं। कंपनी ने डाटा सेंटर, एआई चिप्स और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर अरबों डॉलर निवेश किए थे। आशंका थी कि इससे मुनाफे पर दबाव पड़ेगा। हालांकि, ताजा तिमाही नतीजों ने इन चिंताओं को काफी हद तक खत्म कर दिया। माइक्रोसॉफ्ट ने दिखाया कि एआई पर किया गया निवेश अब तेजी से कमाई में बदल रहा है और क्लाउड कारोबार को नई रफ्तार दे रहा है।माइक्रोसॉफ्ट के नतीजों ने सिर्फ कंपनी ही नहीं, बल्कि पूरे टेक सेक्टर में एआई निवेश को लेकर भरोसा बढ़ाया है। इससे संकेत मिला है कि एआई सेवाओं की मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है। इसका फायदा आने वाले समय में अमेजन, अल्फाबेट और एनवीडिया जैसी बड़ी टेक कंपनियों को भी मिल सकता है। यह शेयर बाजार के इतिहास में किसी भी कंपनी द्वारा एक दिन में दर्ज की गई सबसे बड़ी मार्केट कैप बढ़ोतरी मानी जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने तिमाही नतीजों के बाद एक दिन में 450 अरब डॉलर (करीब 39 लाख करोड़ रुपये) का मार्केट कैप जोड़ा। एज्यूर और एआई कारोबार की दमदार ग्रोथ के दम पर कंपनी ने एकदिनी बढ़त के मामले में एनवीडिया को भी पीछे छोड़ दिया है।

माइक्रोसॉफ्ट ने तिमाही नतीजों के बाद एक दिन में 450 अरब डॉलर (करीब 39 लाख करोड़ रुपये) का मार्केट कैप जोड़ा। एज्यूर और एआई कारोबार की दमदार ग्रोथ के दम पर कंपनी ने एकदिनी बढ़त के मामले में एनवीडिया को भी पीछे छोड़ दिया है। माइक्रोसॉफ्ट ने शेयर बाजार के इतिहास में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। कंपनी ने एक ही कारोबारी दिन में अपने बाजार पूंजीकरण में करीब 450 अरब डॉलर (करीब 39 लाख करोड़ रुपये) जोड़ लिए। इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने एआई चिप निर्माता एनवीडिया को एकदिनी बढ़त के मामले में पीछे छोड़ दिया है। तिमाही नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में करीब नौ फीसदी की जोरदार तेजी आई। इस उछाल के पीछे सबसे बड़ी वजह माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड प्लेटफॉर्म एज्यूर का उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन और एआई कारोबार में मजबूत बढ़त रही।

## एज्यूर बना सबसे बड़ा गेम चेंजर

माइक्रोसॉफ्ट की इस रिकॉर्ड बढ़त में सबसे अहम भूमिका उसके क्लाउड प्लेटफॉर्म एज्यूर की रही। दुनियाभर की कंपनियां एआई सेवाओं और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से खर्च बढ़ा रही हैं, जिसका सीधा फायदा माइक्रोसॉफ्ट को मिला। एज्यूर की आय बाजार के अनुमान से बेहतर रही। इसके साथ ही कंपनी ने चालू तिमाही के लिए भी मजबूत आउटलुक दिया, जिससे निवेशकों का भरोसा और बढ़ गया कि एआई सेवाओं की मांग आगे भी मजबूत बनी रहेगी।माइक्रोसॉफ्ट ने एक ही दिन में जितनी वैल्यू जोड़ी, वह दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम और तुर्की जैसे देशों के पूरे शेयर बाजार के आकार से भी अधिक बताई जा रही है।

# आरबीआई: भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 682.23 अरब डॉलर हुआ, गोल्ड रिजर्व में भी इजाफा

आरबीआई के अनुसार, 24 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.118 अरब डॉलर बढ़कर 682.235 अरब डॉलर हो गया। स्वर्ण भंडार और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में भी वृद्धि दर्ज की गई। लगातार दूसरे सप्ताह बढ़े भंडार से देश की बाहरी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने की क्षमता बढ़ी है।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 24 जुलाई 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) 6.118 अरब डॉलर बढ़कर 682.2354 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे इसके लगातार मजबूत होने का संकेत मिल रहा है। इससे पहले 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.237 अरब डॉलर हो गया था। लगातार दूसरे सप्ताह आई इस बढ़ोतरी से देश की बाहरी आर्थिक स्थिति और मजबूत हुई है।






## स्वर्ण भंडार के नए आंकड़े

आरबीआई के अनुसार, समीक्षा अवधि में स्वर्ण भंडार (गोल्ड रिजर्व) का मूल्य 1.308 अरब डॉलर बढ़कर 103.058 अरब डॉलर हो गया। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 4.873 अरब डॉलर बढ़कर 555.929 अरब डॉलर पर पहुंच गई। आरबीआई ने बताया कि डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और जापानी येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। हालांकि, इस दौरान स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में 5.3 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 18.617 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के साप्ताहिक सांख्यिकीय पूरक के अनुसार, इस साल की शुरुआत में वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में जो गिरावट आई थी, उससे अब लगातार उबरने का सिलसिला जारी है।उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते रुपए पर दबाव बढ़ा। रुपए की अत्यधिक कमजोरी को नियंत्रित करने को मिली।

# The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का सिलसिला टूटा; सेंसेक्स 569 अंक चढ़ा, निफ्टी 23950 के करीब




सोमवार को शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजार भी अधिकतर बढ़त के साथ खुले। गिफ्ट निफ्टी 0.48 फीसदी बढ़कर 23,942.00 पर रहा। जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.40 फीसदी की वृद्धि के साथ 64,870.00 पर पहुंच गया। हैंग सेंग सूचकांक 0.87 फीसदी बढ़कर 25,183.00 पर बंद हुआ। शंघाई कंपोजिट 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 3,829.39 पर रहा।कुछ एशियाई बाजारों में गिरावट भी दर्ज की गई। ताइवान वेटेड सूचकांक 0.98 फीसदी गिरकर 43,232.88 पर आ गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.50 फीसदी फिसलकर 6,657.15 पर बंद हुआ। पश्चिमी बाजारों में भी मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। डॉव जोन्स फ्यूचर्स 289.60 अंक या 0.56 फीसदी बढ़कर 52,236.85 पर कारोबार कर रहा था।

सोमवार, 27 जुलाई 2026 को भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स और निफ्टी ने ईरान-अमेरिका तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण तेजी से शुरुआत की। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और विश्लेषकों की राय।भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को सप्ताह की शुरुआत तेजी के साथ की। बीएसई सेंसेक्स 549.21 अंक या 0.72 फीसदी बढ़कर 76,608.98 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में 166.85 अंक या 0.70 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। निफ्टी 23,934.30 अंक के स्तर पर पहुंच गया।पीएल कैपिटल के हेड एडवाइजरी विक्रम कासट के अनुसार 1000 करोड़ रुपये से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली 300 से ज्यादा कंपनियों ने नतीजे घोषित किए हैं। इन कंपनियों की आय का रुझान उत्साहजनक बना हुआ है। कासट ने कहा कि उच्च ऊर्जा लागत की चिंताओं के बावजूद मार्जिन में कमी नहीं आई है। राजस्व वृद्धि मध्य-किशोर प्रतिशत में बनी हुई है। कॉर्पोरेट आय में यह मजबूती व्यापक बाजार के स्थिर रहने का मुख्य कारण है। यह मार्च 2026 में देखी गई

## Monalisa: अलग अंदाज में मोनालिसा ने किया अगस्त का स्वागत नो मेकअप लुक ने खींचा फैंस का ध्यान




Monalisa Photos: भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने एक बार फिर अपनी नई तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा दी है। फैंस उनकी काफी तारीफ कर रहे हैं। आज से अगस्त का महीना शुरू हो गया है। ऐसे में भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने खास अंदाज में इसका स्वागत किया है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी नईं तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इसके साथ एक लाइन लिखी है। मोनालिसा ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह नो मेकअप लुक में हैं। उन्होंने गुलाबी रंग का गाउन पहना है। ज्वैलरी के नाम पर उन्होंने कुछ नहीं पहना है। उनकी चप्पल ने फैंस का ध्यान खींचा है। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा 'हैलो अगस्त'। इसके साथ अभिनेत्री ने सूरजमुखी के फूल वाला इमोजी लगाया है। मोनालिसा की तस्वीरों पर कई यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने उन्हें अपनी दीदी बताया है और कहा है कि वह सिर्फ खूबसूरत ही नहीं हैं बल्कि उनकी पर्सनैलिटी भी बहुत अच्छी है। एक और यूजर ने लिखा है 'आप बहुत प्यारी लग रही हैं। आपका कोई जवाब नहीं है।' आपको बता दें कि मोनालिसा की शादी एक्टर विक्रांत सिंह से हुई है। दोनों को पिछली बार 'द 50' शो में देखा गया था। सोशल मीडिया पर मोनालिसा की अच्छी फैन फॉलोइंग है। उन्हें इंस्टाग्राम पर 5.8 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। आमतौर पर ऑन-स्क्रीन और ग्लैमरस फोटोशूट्स में हैवी मेकअप और स्टाइलिश कपड़ों में नजर आने वाली मोनालिसा का यह नेचुरल अवतार फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। बिना किसी मेकअप के उनकी प्राकृतिक खूबसूरती और ग्लोइंग स्किन की तारीफ फैंस जमकर कर रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन के जरिए अगस्त महीने का गर्मजोशी से स्वागत किया है। मोनालिसा के इस पोस्ट पर फैंस लगातार लाइक्स और कमेंट्स की बरसात कर रहे हैं। कोई उन्हें "नेचुरल ब्यूटी" बता रहा है, तो कोई उनके इस सादगी भरे अंदाज की सराहना कर रहा है।

## सिनेमाघरों में 'मैं वापस आऊंगा' ने पूरे किए 50 दिन स्टार कास्ट ने मनाया जश्न इम्तियाज अली ने कही ये बात





Movie Main Vaapas Aaunga Completed 50 days In Theatres: फिल्ममेकर इम्तियाज अली की हालिया रिलीज फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे कर लिए हैं। इस बात का जश्न निर्देशक इम्तियाज अली ने फिल्म के कलाकारों और टीम के साथ मनाया। इस जश्न का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया। फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के थिएटर में 50 दिन पूरे होने का जश्न इम्तियाज ने पूरी टीम के साथ मनाया। इस जश्न का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए इम्तियात अली ने कैप्शन में एक खास मैसेज भी लिखा। इसमें वह लिखते हैं, 'सिनेमाघरों में 50 दिन। किसी भी फिल्म के लिए यह एक बड़ी बात है। फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' ने आज यह मुकाम हासिल किया है और सबसे पहले मेरे मन में दर्शकों के प्रति आभार का भाव है। वो अच्छे लोग जो फिल्में देखते हैं, जिन्होंने फिल्म से भावनात्मक जुड़ाव महसूस किया और दूसरों को भी इसे देखने के लिए प्रेरित किया जिन्होंने फिल्म की इतनी जबरदस्त चर्चा की। बिना किसी खास वजह के बस इसलिए क्योंकि उन्हें फिल्म पसंद आई। ऐसे लोगों की संख्या और बढ़े।' इम्तियाज ने पूरी टीम और कलाकारों के साथ मिलकर केक काटा। फिल्म को लेकर किए गए जश्न के वीडियो में वह दर्शकों को शुक्रिया कहते हैं। इम्तियाज ने कहा, 'मैं वापस आऊंगा' को दर्शकों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया आज के सभी फिल्ममेकर्स के लिए उम्मीद की किरण है। दर्शकों ने हमें जो प्यार दिया है, वह हमेशा मेरे दिल में रहेगा और मुझे उनके लिए बेहतर और ज्यादा मनोरंजक फिल्में बनाने के लिए प्रेरित करेगा। फिल्म की शानदार कास्ट और क्रू ने जो प्यार मूवी में लगाया, उन्हें दर्शकों ने भी भरपूर प्यार दिया और मैं इससे बहुत खुश हूं।' फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के इस सेलिब्रेशन में शरवरी, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना शामिल हुए। फिल्म में यही कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म में सिंगर, एक्टर दिलजीत दोसांझ भी नजर आए थे।


## इस हॉलीवुड स्टार के साथ पिता को कास्ट करना चाहते हैं

## जेसन संजय सीएम विजय के बेटे ने बताया क्यों चुना निर्देशन




Jason Sanjay: सीएम विजय के बेटे जेसन संजय ने अपने पिता को एक हॉलीवुड अभिनेता के साथ अपने पिता को कास्ट करने के बारे में बात की है। उन्होंने करियर के तौर पर निर्देशन को चुनने के बारे में भी बताया है। एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के बेटे जेसन संजय अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म 'सिग्मा' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले, युवा डायरेक्टर ने अपने शुरुआती इंटरव्यू में से एक में सिनेमा में अपने सफर के बारे में बात की। इस बातचीत में जेसन ने अपने सपनों के कोलैबोरेशन के बारे में बताया। बिहाइंडवुड्स टीवी से बातचीत में जेसन संजय से पूछा गया कि वह हॉलीवुड एक्टर जेसन स्टैथम के साथ जोड़ी बनाने के लिए वह किस तमिल एक्टर को चुनेंगे, तो जेसन ने बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दिया, 'मेरे पापा (विजय)। यह दोनों के बीच एक शानदार सहयोग साबित होगा।' फिर उन्होंने मजाक में कहा कि उनके इस जवाब से सोशल मीडिया पर मीम्स और मजाक बन सकते हैं। जेसन ने थलपति विजय का बेटा होने के बावजूद एक्टिंग के बजाय फिल्ममेकिंग को चुनने के अपने फैसले के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया 'बचपन से ही मुझे सेट पर जाने का मौका मिलता रहा। यह मेरे लिए एक विशेषाधिकार था। मुझे अच्छा अनुभव मिला। मैं वहां सहज महसूस करने लगा। सेट पर जाना मेरे जीवन का एक सामान्य हिस्सा बन गया। इसलिए, वहीं से मेरी दिलचस्पी जगी।' जेसन ने बताया कि सिनेमा हमेशा से उनका पहला करियर लक्ष्य नहीं था। उन्होंने कहा, 'शुरू में मैं पायलट बनना चाहता था। बीच में, मेरी दिलचस्पी क्रिकेटर बनने में भी थी। 11वीं और 12वीं क्लास के दौरान ही मैंने सिनेमा में दिलचस्पी लेना शुरू किया। कॉलेज में मैं फिल्ममेकिंग करना चाहता था।' उन्होंने कहा कि कहानी सुनाना हमेशा से उनके लिए स्वाभाविक रहा है और आखिरकार इसी ने उन्हें निर्देशन की ओर प्रेरित किया।

## Shahneel Gill: कौन हैं शहनील गिल? 'द ट्रेटर्स 2' में धूम मचाने को तैयार शो में चलाएंगी अपना दिमाग



Shahneel Gill In The Traitors 2:: शहनील गिल 'द ट्रेटर्स 2' में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खास अंदाज में अपना परिचय दिया है। आइए जानते हैं वह कौन हैं? रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स 2' का जल्द ही आगाज होने वाला है। इसके पहले सीजन को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। दूसरे सीजन को लेकर फैंस में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस बार भी इसके होस्ट करण जौहर होंगे। खास बात यह है कि इस बार इस शो के प्रतियोगियों में क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन शहनील धूम मचाने के लिए तैयार हैं। आपको बता दें कि हाल ही में 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' के प्रतियोगियों के नाम और चेहरे के बारे में जानकारी दी गई है। शो में 21 प्रतियोगी हिस्सा लेंगे। इसमें शहनील भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें शहनील अपने बारे में बता रही हैं। वह कहती हैं 'मेरा सरनेम गिल है और मुझे पता है कि कैसे किल करना है।' भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस नए सीजन में शुभमन गिल की बहन को अभिनय करते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। शहनील ने अपने सोशल मीडिया पर शो से अपना पहला लुक शेयर किया है। दर्शकों को उनसे काफी उम्मीदें हैं। ख्याल रहे कि शहनील अक्सर अपने भाई का हौसला बढ़ाते हुए नजर आती हैं। नए शो के साथ वह एक नई दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। यह रियलिटी शो भरोसे और धोखे पर आधारित है। इसमें प्रतियोगियों को अपने साथी से ज्यादा होशियार बनना पड़ता है। v प्राइम वीडियो ने जानकारी दी है कि 'द ट्रेटर्स 2' 13 अगस्त से दुनिया भर में प्रीमियर होगा। हर गुरुवार नए एपिसोड जारी किए जाएंगे। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी है

## लॉकअप 2' में भूमि पेडनेकर और हुमा कुरैशी बनीं जनता की आवाज कई प्रतियोगियों को जमकर लताड़ा



Show Lock Upp 2 Weekend Episode: 'लॉकअप 2' रियलिटी शो अब अपने फिनाले एपिसोड की तरफ बढ़ रहा है। 'लॉकअप 2' के वीकेंड एपिसोड में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और हुमा कुरैशी जनता की आवाज बनकर में आईं। दोनों ने कई प्रतियोगियों की जमकर क्लास ली। 'लॉकअप 2' के वीकेंड एपिसोड में कुछ बॉलीवुड कलाकार जनता की आवाज बनकर आते हैं, वह प्रतियोगियों को उनके खेल और व्यवहार के बारे में कई बातें बताते हैं। 'लॉकअप 2' के वीकेंड एपिसोड में हुमा कुरैशी और भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। शो के प्रोमो में दोनों प्रतियोगियों को आइना दिखा रही हैं, उनकी गलतियां बता रही हैं। हुमा और भूमि ने किसे क्या कहा?

हुमा कुरैशी और भूमि पेडनेकर ने राम कपूर को कहा कि वह ऐसा खेल रहे हैं, जिससे लग रहा है कि फिनाले में जाना चाहते हैं लेकिन शो जीतना नहीं चाहते हैं। वहीं पामेला को भी खरी-खोटी सुनाई गई। उन्होंने राम कपूर पर गलत इल्जाम लगाया था। इसके अलावा आकांक्षा चौधरी के ईगो प्रॉब्लम को लेकर सवाल हुमा और भूमि ने किए। शो 'लॉकअप 2' की बात करें तो अब इसमें राम कपूर, शिवांगी जोशी, पामेला सेरेना, आकांक्षा चमोला, शिल्पा शिंदे, आकांक्षा चौधरी, राम कपूर, श्रेया कालरा, हर्षद चोपड़ा जैसे सेलेब्स ही बचे हैं।

## Rafi Death Anniversary

### बत्ती गुल हुई तो रौशन हुए 'रफी' दिलीप कुमार संग अभिनय भी किया




Mohammed Rafi 46th Death Anniversary: सुरों के सरताज मोहम्मद रफी की आज 46वीं पुण्यतिथि है। अपने 36 साल के करियर में रफी साहब ने 7 हजार से ज्यादा गाने गाए। देव आनंद से लेकर धर्मेंद्र और दिलीप कुमार से लेकर शम्मी कपूर तक की आवाज बने। आज इस खास मौके पर पढ़ें रफी साहब के जीवन से जुड़े कुछ अनसुने किस्से ऑल-इंडिया एक्जीबिशन में म्यूजिक कंपोजर श्याम सुंदर स्टेज पर उस दशक के सुपरस्टार केएल सहगल साहब को सुनने का इंतजार कर रहे अचानक बिजली चली गई और बड़े भाई के अनुरोध पर एक 13 साल के लड़के को कुछ देर के लिए स्टेज पर गाने की इजाजत मिल गई।

उस अंधेरे में श्याम सुंदर के कानों में एक सुरीली आवाज पड़ी। जब तक बत्ती वापस आती संगीत रौशन हो चुका था। श्याम सुंदर ने देखा एक 13 साल का बच्चा स्टेज पर गाना गा रहा था। श्याम सुंदर की एक नजर ने ही उस बच्चे को आगे चलकर उसके करियर का पहला ब्रेक दिया। वो बच्चा कोई और नहीं, मोहम्मद रफी ही थे आगे चलकर चार दशक के करियर में मोहम्मद रफी ने अपने गानों से संगीत प्रेमियों के कई शौक पूरे किए पर बात करें खुद रफी साहब की तो उन्हें गायकी के अलावा कई और शौक थे। लेखक विनोद विप्लव की किताब 'मेरी आवाज सुनो' में रफी के व्यक्तिगत जीवन के बारे में कई जानकारियां हैं।

## Yami Gautam: बॉलीवुड क्यों छोड़ना चाहती थीं बोलीं 'माता-पिता ने बहुत साथ दिया' अब जीता यह खिताब



Yami Gautam Career: यामी गौतम ने अपने करियर के सबसे बुरे दौर के बारे में बात की है। उनका कहना है कि उन्होंने एकदम अलग जिंदगी शुरू करने के बारे में सोचा था। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने बताया है कि एक समय ऐसा आया था, जब वह बॉलीवुड छोड़ने ही वाली थीं। यामी ने माना कि 2019 में 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'बाला' फिल्मों ने उनके करियर की दिशा बदल दी। 'विकी डोनर' (2012) से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री ने बताया कि बेहतर मौकों के इंतजार में ऐसे रोल भी स्वीकार करने पड़ते थे जो पसंद नहीं थे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी बॉलीवुड छोड़ने के बारे में सोचा था? इस पर यामी ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा 'हां। असल में, 'उरी' और 'बाला' से ठीक पहले, मैंने इंडस्ट्री को पूरी तरह छोड़ने का मन बना लिया था। मैंने सोचा था कि मैं हिमाचल लौट जाऊंगी। वहां हमारी खेती की जमीन है। मैंने एक बिल्कुल अलग जिंदगी शुरू करने के बारे में सोचा था। मेरे माता-पिता ने मेरा बहुत साथ दिया। उन्होंने बस इतना कहा, 'घर आ जाओ'।' 37 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि इस अनुभव ने उन्हें उनके करियर का एक बहुत जरूरी सबक सिखाया। वह यह कि अपने फैसलों पर डर को हावी न होने देना। 'उरी' ने न सिर्फ यामी गौतम के करियर को आगे बढ़ाया, बल्कि उन्हें डायरेक्टर आदित्य धर के करीब भी लाया, जिनसे वह फिल्म के सेट पर मिली थीं। बाद में दोनों ने 2021 में शादी कर ली और 2024 में उनके घर पहले बच्चे, एक बेटे 'वेदविद' का जन्म हुआ। इतने वर्षों में यामी ने कई तरह की फिल्में की हैं, जिनमें 'दसवीं', 'चोर निकल के भागा', 'ओएमजी 2', 'हक' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्में शामिल हैं।

# Aaj Ka Rasifal 1 August

## खुशियां लेकर आएगा इन 5 राशि वालों के लिए 1 अगस्त पढ़ें दैनिक राशिफल

Rashifal 1 August 2026: जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणियां।

Rashifal 1 August: आज का दिन कई राशि के जातकों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। कुछ राशियों को आर्थिक और करियर में अच्छी खबर मिल सकती है। लेकिन कुछ जातकों को हर निर्णय धैर्य और सूझबूझ के साथ लेने की आवश्यकता होगी।






### मेष

आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। आपके सम्मान और मान में बढ़ोतरी होगी, जिससे मन में गर्व और संतोष महसूस होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से आपकी छवि और निखरेगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य में लगाने के लिए सोचेंगे। भाई-बहनों के साथ बेवजह विवाद से बचें, और प्रॉपर्टी संबंधी किसी निर्णय में जल्दबाजी न करें। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिल सकती है।



### वृषभ

आज आप अपने नेतृत्व कौशल और समय प्रबंधन में निखार महसूस करेंगे। अनजान लोगों से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने-फिरने का आनंद भी मिलेगा। सेहत पर थोड़ा ध्यान दें और किसी पुराने बिजनेस या निवेश संबंधी समस्या को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश करें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा।



### मिथुन

आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ और खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बढ़ाने से रिश्तों की परेशानियां दूर होंगी। नया वाहन खरीदने के अवसर मिल सकते हैं। धन उधार देने में सावधानी बरतें, क्योंकि वापस मिलने की संभावना कम है। राजनीतिक या सामाजिक आयोजनों में हिस्सा लेने से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।



### कर्क

आज का दिन मिश्रित अनुभव लेकर आएगा, लेकिन फलदायक साबित होगा। श्रेष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन आपको अपने काम समय पर पूरा करने में मदद करेगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे और किसी विरोधी से बातचीत करने का अवसर मिलेगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन को बड़ी खुशी मिलेगी। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें।



### कन्या

आज का दिन आपके लिए अनुकूल और सुखद रहेगा। आपकी ऊर्जा और अनुभव आपके काम में लाभ देंगे। संतान से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। अपनी वाणी और व्यवहार में सभ्यता बनाए रखें। संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए बाहर भेजने के अवसर बन सकते हैं। धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में भाग लेने से मानसिक संतोष मिलेगा।



### सिंह

आज का दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। बेवजह विवादों से दूर रहें। नौकरी में कोई खुशखबरी मिलने के योग हैं और जिम्मेदारियों में जूनियर्स से सहयोग मिलेगा। संतान की पढ़ाई को लेकर गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं। शौक और मनोरंजन पर आप खर्च करेंगे, जिससे खर्चा बढ़ सकता है, लेकिन मन को संतोष मिलेगा।



### तुला

आज आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग मिलेगा और लंबे समय से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। घर के रिनोवेशन या छोटे निर्माण कार्य की शुरुआत हो सकती है। माताजी से किसी जरूरी काम को लेकर संवाद होगा। कुछ पुराने शत्रु मित्र बन सकते हैं, जिसे देखकर आपको हैरानी होगी।



### वृश्चिक

आज आपका रुका हुआ धन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में समय से काम पूरा करने की कोशिश सफल होगी। साथी की समस्याओं का समाधान निकालेंगे और परिवार में पूजा-पाठ या धार्मिक आयोजन से सब व्यस्त रहेंगे। छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती में बीतेगा। अगर आपका बिजनेस या धन डूबा हुआ था, तो उसे वापस पाने की संभावना है।



### धनु

आज का दिन आपके लिए लाभदायक और उत्साहवर्धक रहेगा। धर्म-कर्म के कामों में रुचि रहेगी। संतान की परीक्षा या कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। मौज-मस्ती में समय बिताएंगे और मेहनत का फल भी प्राप्त करेंगे। जरूरी जानकारी साझा करने में सतर्क रहें। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की कोशिश करेंगे। बॉस से प्रमोशन को लेकर बातचीत हो सकती है।



### मकर

आज आपको विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना होगा। सोच-समझकर कदम उठाने से काम पूरे होंगे। पैतृक संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह वापस मांग सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेंगे। वाहन चलाने या किसी सहयोगी से मदद लेने में सतर्क रहें। नई कोशिशें सफल होंगी।



### कुंभ

आज जोखिम भरे कामों से दूर रहें। भाग्य आपका पूरा साथ देगा। कारोबार में आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। किसी सहयोगी से अनावश्यक कहासुनी हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में कोई आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा।



### मीन

आज का दिन सोच-समझकर काम करने का रहेगा। संतान के करियर को लेकर चिंता हो सकती है। बिजनेस में जोखिम से बचें और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें। माता-पिता की सेहत पर ध्यान दें। परिवार के साथ मौज-मस्ती और घूमने-फिरने का समय अच्छा रहेगा। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## इन 3 राशि वालों को मिलेगा लाइफ पार्टनर जीवन में आएगा बड़ा बदलाव



**Love Rashifal**: Love Rashifal: आज का दिन आपके प्रेम जीवन के लिए कैसा रहेगा ? आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का 30 जुलाई 2026 का लव राशिफल।

Love Rashifal 30 July 2026: 30 जुलाई का दिन कुछ राशियों के लिए खास रहेगा। आपका प्रेम जीवन सुखी रहेगा। जीवनसाथी के लिए उपहार खरीद सकते हैं और आपका आत्मविश्वास भी रिश्तों को लेकर बढ़ता हुआ नजर आएगा। वहीं कुछ लोगों को साथी के साथ अनबन झेलनी पड़ सकती है। आइए आज का 12 राशियों का लव राशिफल जानते हैं।

# Mesh Rashifal

## माह के आखिर में मेष राशि वालों के रिश्तों में हो सकता है तनाव




Mesh Monthly Rashifal August 2026: अगस्त महीने की शुरुआत मेष राशि के जातकों के लिए थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रह सकती है। आइए विस्तार से जानते हैं कि मेष राशि वालों के लिए अगस्त का महीना कैसा रहने वाला है।

Aries Monthly Horoscope August 2026: मेष राशि अग्नि तत्व की ऊर्जावान और नेतृत्व क्षमता वाली राशि मानी जाती है। इस राशि के जातक साहसी, स्पष्टवादी और तेजी से निर्णय लेने वाले होते हैं। हालांकि कई बार जल्दबाजी और आवेग इनके लिए चुनौती भी खड़ी कर सकते हैं। मेष राशि के स्वामी मंगल ग्रह हैं, जो साहस, ऊर्जा, संघर्ष क्षमता और निर्णय शक्ति के कारक माने जाते हैं। आइए विस्तार से जानते हैं कि मेष राशि वालों के लिए अगस्त का महीना कैसा रहने वाला है।

करियर और व्यापार

अगस्त का महीना मेष राशि के जातकों के लिए सामान्य रूप से फलदायी रहने वाला है, लेकिन इस दौरान किसी भी बड़े फैसले को लेने से पहले गहराई से विचार करना बेहद जरूरी होगा।

# August Horoscope 2026

## खुशियों से भरा रहेगा इन 4 राशि वालों के लिए अगस्त करियर में मिलेगी बड़ी सफलता




**August Horoscope 2026:** अगस्त महीना इन चार राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको मनचाहा लाभ मिलने की अधिक संभावनाएं हैं। परिवार में तनाव की स्थितियां दूर होंगी और करियर में भी स्थिरता आएगी।

**August Horoscope 2026:** अगस्त 2026 की शुरुआत कई महत्वपूर्ण ग्रहों के राशि परिवर्तन के साथ होगी। महीने के आरंभ में शुक्र और मंगल अपनी-अपनी राशियां बदलेंगे। इसके अलावा सूर्य भी अपनी स्वराशि सिंह में गोचर करेंगे, जिससे उनका शुभ प्रभाव और अधिक बढ़ेगा। इसके प्रभाव से कई राशियों के लिए उन्नति और सफलता के नए अवसर बनेंगे। इसके अलावा सावन, हरियाली तीज और रक्षाबंधन का पावन संयोग जातकों को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा। हालांकि सभी 12 राशियों पर इसका असर अलग-अलग रहेगा, लेकिन चार राशियों के लिए यह महीना विशेष रूप से शुभ रहने की संभावना है। जातकों को खुशखबरी और करियर में मनचाहे परिणामों की प्राप्ति होगी। आइए इन लकी राशियों के नाम जानते हैं।

**मेष राशि**

मेष राशि के जातकों के लिए अगस्त खुशियां और सफलता लेकर आ सकता है। आय में वृद्धि और धन लाभ के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा और लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। इस माह लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने की संभावना रहेगी। प्रेम जीवन की बात करें, रिश्तों में नयापन आएगा और आप स्वयं को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

**सिंह राशि**

सिंह राशि वालों के लिए यह महीना बेहद शुभ रहेगा। सूर्य का आपकी ही राशि में प्रवेश आत्मविश्वास और सफलता में वृद्धि करेगा। कार्यक्षेत्र में मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं। अधिकारियों का साथ और मेहनत आपको प्रमोशन प्रदान कर सकती है। वहीं पारिवारिक जीवन में भी खुशियों का माहौल बना रहेगा।

# IND vs SL: टीम इंडिया के लिए खुशखबरी! बुमराह पूरी तरह फिट, श्रीलंका के खिलाफ दोनों टेस्ट खेलने की मिली मंजूरी




भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वह 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह बड़ी राहत है।

भारतीय क्रिकेट टीम को श्रीलंका दौरे से पहले बड़ी राहत मिली है। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में अनिवार्य फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। इसके साथ ही वह अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए पूरी तरह फिट घोषित कर दिए गए हैं। बुमराह को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान प्रभाव (इम्पैक्ट) चोट लगी थी। इसी वजह से उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था। हालांकि अब मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है।

**बीसीसीआई अधिकारी ने क्या कहा?**

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'जसप्रीत बुमराह अपनी इम्पैक्ट इंजरी से पूरी तरह उबर चुके हैं। उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा निर्धारित सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह दोनों टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, क्योंकि वह टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं।'

**15 अगस्त से शुरू होगी टेस्ट सीरीज**

भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में होगा।

**WTC फाइनल की दौड़ में अहम होगी यह सीरीज**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) चक्र में भारत के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया को अपने बचे हुए नौ टेस्ट मैचों में से कम से कम सात जीतने होंगे। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीतने का लक्ष्य भारतीय टीम के लिए काफी अहम होगा। इसके बाद भारत को न्यूजीलैंड के कठिन विदेशी दौरे पर भी जाना है।

चोटों से जूझ रही है टीम इंडिया

हालांकि बुमराह की वापसी राहत लेकर आई है, लेकिन भारतीय टीम अभी भी कई चोटों से परेशान है।

- हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हैं।
- नीतीश रेड्डी क्वाड्रिसेप्स चोट से उबर रहे हैं।
- वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग चोट के चलते पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे।
- आकाश दीप पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन के कारण लंबे समय से टीम से बाहर हैं।

ऐसे में बुमराह का फिट होना भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देगा और टीम प्रबंधन के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

WTC फाइनल की दौड़ में अहम होगी यह सीरीज
विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) चक्र में भारत के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया को अपने बचे हुए नौ टेस्ट मैचों में से कम से कम सात जीतने होंगे। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीतने का लक्ष्य भारतीय टीम के लिए काफी अहम होगा।

# Asian Games: क्वार्टर फाइनल से अभियान की शुरुआत करेंगे भारत-पाकिस्तान जानें एशियाड में क्रिकेट का कार्यक्रम



भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना दम दिखाने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम को अफगानिस्तान की तरह सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिया गया है। मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष तथा महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है। भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। **सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान**

भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है। एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच एक अक्तूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलयेशिया और ओमान शामिल होंगे। दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारूप में खेली जाएंगी।

श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था। श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल*

# IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके

## रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर




जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

# Ajinkya Rahane Retired: कोहली ने रहाणे को बताया टेस्ट में पसंदीदा बल्लेबाजी साझेदार सचिन ने करियर को सराहा



भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अजिंक्य रहाणे को सराहा है। कोहली ने इस पूर्व भारतीय बल्लेबाज को टेस्ट में अपना पसंदीदा बल्लेबाजी साझेदार बताया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अजिंक्य रहाणे की तारीफ करते हुए उन्हें अपना पसंदीदा टेस्ट बल्लेबाजी साझेदार बताया। वहीं, महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रहाणे के करियर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कभी महत्वपूर्ण पलों का पीछा नहीं किया। भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेले के तीन साल बाद 38 वर्षीय रहाणे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने 2011 से 2023 के बीच भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

कोहली और रहाणे की साझेदारियां

कोहली और रहाणे ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए 10 शतकीय और 19 अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। उनकी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 365 रन की रही जिसमें कोहली ने 211 और रहाणे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 188 रन की पारी खेली। कोहली ने एक्स पर लिखा, जिंक्स, शानदार करियर के लिए बधाई। आपने भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार योगदान दिया है और अपनी यात्रा पर गर्व कर सकते हैं। स्लिप में सबसे सुरक्षित खिलाड़ियों में से एक और मेरे पसंदीदा टेस्ट बल्लेबाजी साझेदार। आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब उन्होंने मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में पहली बार इस प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज के साथ बल्लेबाजी की थी। तेंदुलकर ने लिखा, शानदार करियर के लिए बधाई। जब हमने पहली बार मुंबई के लिए साथ बल्लेबाजी की तब मैंने ऐसे खिलाड़ी को देखा जो कभी महत्वपूर्ण पलों का पीछा नहीं करता था। वे पल खुद आपके पास आए क्योंकि आप टीम के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार रहते थे। यही गुण ऑस्ट्रेलिया में आपकी सबसे यादगार उपलब्धि की पहचान बना। आपने दिखाया कि धैर्य आक्रामकता का विपरीत नहीं है, बल्कि अक्सर वही किसी टीम को निडर होकर खेलने का आत्मविश्वास देता है। शानदार करियर के लिए बधाई। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300

















